आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 24.02.2026 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने सेवा तीर्थ परिसर में हुई पहली बैठक में शासन को नागरिक केन्द्रित बनाने का संकल्प लियां

- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सड़कों से उड़ने वाली धूल को कम करने के लिए नई दिल्ली में समझौतां

- गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने विधानसभा में कहा – सरकार गैंगस्टर्स पर लगाम लगाने के लिए प्रभावी कदम उठा रही हैं

- महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 275 करोड़ 68 लाख रूपये की परियोजना रिपोर्ट तैयारं

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सेवा तीर्थ परिसर में हुई पहली बैठक में शासन को नागरिक केंद्रित बनाने का संकल्प लिया हैं सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में सेवा संकल्प प्रस्ताव पारित किया गयां इसमें वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं सरकार ने भारत को दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की प्रतिबद्धता जताई हैं मंत्रिमंडल ने तय किया कि सभी निर्णय नागरिकों की सेवा के भाव से लिए जाएंगें

...........

इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने वर्ष 2026–27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी मंजूरी दी हैं टीडी–3 ग्रेड के जूट का मूल्य 5 हजार 925 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया हैं

000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सही मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला हैं श्री कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कहीं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थीं उन्होंने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से 11 राज्यों ने अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी हैं

इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के बीच सहयोग बढ़ाना और चुनावी प्रक्रिया की सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करना हैं

000

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सड़कों से उड़ने वाली धूल को कम करने के लिए आज नई दिल्ली में समझौतों पर हस्ताक्षर किए गएं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के संबंधित विभागों ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के साथ यह समझौता कियां इसका उद्देश्य सड़कों के किनारे हरियाली बढ़ाना और सड़कों के रखरखाव में सुधार करना हैं बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण एक चुनौती बना हुआ हैं उन्होंने बताया कि राज्यों की वार्षिक कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई है, जिसमें अकेले दिल्ली के लिए 448 कार्य बिंदु तय किए गए हैं श्री यादव ने इस पहल के सामाजिक प्रभाव के मूल्यांकन के लिए एक कार्य बल बनाने और अधिक ट्रैफिक वाली सड़कों की वैज्ञानिक मैपिंग करने के निर्देश दिएं उन्होंने खुले क्षेत्रों में कम पानी वाली झाड़ियाँ लगाने की बात कही, जिसके लिए 30 प्रजातियों की पहचान की गई हैं

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली पहुँचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लियां प्रधानमंत्री आगामी 28 फरवरी को अजमेर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और प्रदेश को 23 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगें मुख्यमंत्री ने सभा स्थल पर मंच, डोम और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कियां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां 27 फरवरी तक पूरी कर ली जाएं ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हों इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से भी संवाद किया और उन्हें प्रधानमंत्री के आगमन पर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को कहां

000

विधानसभा में आज शिव से निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी ने प्रदेश में 'डिब्बा कॉलिंग' और इंटरनेट के माध्यम से दी जा रही धमकियों का विषय प्रमुखता से उठायां शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने आगाह किया कि यदि संगठित अपराध के तंत्र को समय रहते नहीं ध्वस्त किया गया, तो प्रदेश की शांति व्यवस्था को गंभीर खतरा हो सकता हैं श्री भाटी ने कहा कि राज्य के विभिन्न वर्गों में असुरक्षा का वातावरण हैं उन्होंने आरोप लगाया कि जेलों में बंद अपराधी और विदेशों में बैठे गैंगस्टर राजस्थान में अपना नेटवर्क संचालित कर रहे हैं विधायक के अनुसार, इंटरनेट और डिब्बा कॉलिंग के जरिए प्रतिष्ठित व्यापारियों से लेकर सामान्य दुकानदारों तक को धमकियां मिल रही हैं

इस पर जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि वर्तमान सरकार गैंगस्टरों पर लगाम कसने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठा रही हैं बाद में मीडिया से बातचीत में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स द्वारा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही हैं श्री बेढ़म ने बताया कि विदेश में रह रहे अपराधियों को वापस लाने के लिए प्रत्यार्पण की प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसके तहत इटली और अमेरिका से गिरफ्तारियां की गई हैं उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए राज्य में उनके ठिकानों पर दबिश दे रही हैं

000

राज्य सरकार ने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 275 करोड़ 68 लाख रुपये की परियोजना रिपोर्ट तैयार की हैं उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज विधानसभा में ये जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान धरोहर प्राधिकरण की समीक्षा समिति ने तीन फरवरी को इसका अनुमोदन कर दिया हैं इस सर्किट में चावण्ड, हल्दीघाटी, गोगुन्दा, कुम्भलगढ़, दिवेर और उदयपुर के स्थलों को शामिल किया गया हैं उन्होंने कहा कि इस योजना से क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर बनेंगें इसमें गाइड, होटल, हस्तशिल्प और होमस्टे के काम से जुड़े लोग शामिल हैं जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समितियां इन संपत्तियों के प्रबंधन और देखरेख का काम करेंगीं पर्यटन विभाग सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों से इन स्थलों का प्रचार करेगां

राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम और राजस्थान धरोहर प्राधिकरण को इस कार्य के लिए एजेंसी नियुक्त किया गया हैं वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद विकास कार्य शुरू किए जाएंगें

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लैक्रोस खेल को जनजातीय विभाग के माध्यम से बढ़ावा देने को कहा हैं लैक्रोज खिलाड़ियों ने आज राज्यपाल से मुलाकात कीं इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल के लिए कोटे से मिली सहायता राशि के लिए राज्यपाल को धन्यवाद दियां श्री बागडे ने खिलाड़ियों को वर्ष 2028 के ओलंपिक और अप्रैल में चीन में होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी करने के लिए कहां उन्होंने खिलाड़ियों से खेल के साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने की बात कहीं इस अवसर पर खेल संघ के पदाधिकारी और शासन के अधिकारी उपस्थित रहें

000

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पर्यटन संस्कृति और साझा मानवीय आकांक्षाओं का उत्सव हैं नई दिल्ली में आयोजित यूएस–इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम– टूरिज्म लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और पर्यटन इसका केंद्र बना हुआ हैं श्री शेखावत ने कहा कि देश का पर्यटन तंत्र शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आजीविका का स्रोत हैं उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अमरीका से लगभग 18 लाख पर्यटक भारत आए थें

000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज से राज्य स्तरीय पशु मेले का शुभारंभ हुआं जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित इस मेले की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई मेले में पशुपालकों को विभाग की ओर से आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही हैं पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और परामर्श के लिए विशेष शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं

000

बालोतरा में जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने श्री मल्लीनाथ पशु मेले की व्यवस्थाओं के लिए बैठक कीं यह मेला 15 मार्च से शुरू होगां श्री यादव ने बताया कि बैठक में दुकानों की नीलामी और खर्च के प्रबंधन के लिए उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई हैं उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरा करने के लिए निर्देश दिये गयें

000

सवाईमाधोपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने खंड विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा हैं मीणा के पास जिला परियोजना प्रबंधक का प्रभार भी हैं ब्यूरो के अनुसार, मीणा ने परिवादी और उसके साथियों को नौकरी से नहीं हटाने और यात्रा भत्ते के बिल पास करने के बदले पैसे मांगे थें ब्यूरो की जयपुर इकाई के इनपुट पर आज यह कार्रवाई की गईं

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर मौसम का मिजाज बदला और तापमान में उतार चढाव के बीच बूंदा–बांदी दर्ज हुई मौसम विभाग के अनुसार जयपुर संभाग में चौमूं, वनस्थली और दौसा में लालसोट तथा खेडली में छुटपुट बरसात हुई वहीं बाडमेर में पारा 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआं इसके अलावा चित्तौडगढ, जैसलमेर और बीकानेर में भी अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार रहां मौसम केन्द्र जयपुर के निर्देशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगां कल से कुछ स्थानों पर तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी के आसार हैं

000

खैरथल–तिजारा जिले के भिवाड़ी में औद्योगिक इकाइयों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं जिला कलेक्टर के निर्देश पर गठित समिति ने पिछले एक सप्ताह में 2515 इकाइयों का निरीक्षण कियां इनमें से 1058 इकाइयों को नियमों का उल्लंघन करने पर नोटिस जारी किए गए हैं रीको, प्रदूषण नियंत्रण मंडल और अग्निशमन विभाग सहित विभिन्न विभागों ने यह कार्रवाई की हैं सबसे अधिक 392 नोटिस अग्निशमन विभाग द्वारा जारी किए गएं प्रशासन सुरक्षा और प्रदूषण मानकों की पालना सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठा रहा हैं गौरतलब है कि पिछले दिनों जिले में एक अवैध फैक्ट्री में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई थीं

000

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जोधपुर में कल रथ यात्रा को रवाना किया गयां जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से निकाली जा रही ये रथ यात्रा गांव गांव पंहुचकर बाल विवाह रोकथाम का संदेश देगीं रथ के माध्यम से ऑडियो संदेश, पोस्टर वितरण, और जनसंवाद तथा शपथ कार्यक्रमों के जरिये आम लोगों को इस सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूक किया जायेगां

000